प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



भारत और अबू धाबी-मोदी की यात्रा से रिश्ते हुए और घनिष्ठ पेज- 2

रियाज कालोनी में घायल मिला युवक पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 148 | मंगलवार 19 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## नॉर्वे पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी : हवाई अड्डे पर पीएम स्टोरे ने किया स्वागत, द्विपक्षीय बैठकों में लेंगे हिस्सा

(एजेंसी) ओस्लो। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्वे पहुंच गए हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्टोरे उन्हें हवाई अड्डे पर रिसीव करने पहुंचे। इस दौरान भारत और नॉर्वे के कई



अधिकारी वहां मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भी गर्मजोशी भरे स्वागत का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, ओस्लो पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए प्रधानमंत्री योना गहर स्टोरे का आभारी हूं। चार दशकों से अधिक समय बाद यह नॉर्वे की पहली प्रधानमंत्री स्तरीय यात्रा है। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा भारत–नॉर्वे मित्रता को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। मैं महामहिम राजा हेराल्ड पंचम और रानी सोन्या से मुलाकात करूंगा तथा प्रधानमंत्री स्टोरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करूंगा। यह प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे की पहली यात्रा है और 43 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे यात्रा हुई है। नॉर्वे भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। आज प्रधानमंत्री मोदी द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे, जबकि मंगलवार (19 मई) को वे तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह यात्रा भारत–नॉर्वे संबंधों में नई ऊर्जा और मजबूती जोड़ने वाली मानी जा रही है। भारत और नॉर्वे के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 2.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। दूसरी ओर, नॉर्वे के सरकारी वेल्थ फंड ने भारतीय बाजारों में लगभग 28 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। भारत और पूरे नॉर्डिक क्षेत्र के बीच कुल व्यापार लगभग 19 बिलियन डॉलर आंका गया है। नॉर्डिक सम्मेलन में नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के शीर्ष नेता भी भाग लेंगे। भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 2018 में स्टॉकहोम में हुई थी, जबकि दूसरा सम्मेलन 2022 में कोपेनहेगन में आयोजित किया गया था। इस बार की बैठक में ग्रीन एनर्जी, डिजिटलाइजेशन, रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, आर्कटिक नीति और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत होने की संभावना है। दोनों प्रधानमंत्री भारत–नॉर्वे बिजनेस एंड रिसर्च समिट को संबोधित करेंगे, जहां आर्थिक और शोध सहयोग पर फोकस रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे के किंग हेराल्ड पंचम और क्वीन सोन्या से भी मुलाकात करेंगे।

## शिफ्ट में नमाज पढ़िए, सड़कों पर नहीं, प्रेम से मानोगे तो ठीक वरना दूसरा तरीका अपनाएंगे : सीएम

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने दो–टूक कहा है कि सड़कें चलने के लिए हैं तमाशे के लिए नहीं, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने ये भी कहा कि प्यार से मानेंगे तो ठीक है, नहीं तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जगह कम है तो फिर शिफ्ट में नमाज पढ़ना चाहिए। उन्होंने ये भी जोड़ा कि कानून सबके लिए बराबर है और सार्वजनिक सड़कों पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सरकार अब बेहद कड़ा रुख अपनाने जा रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि सरकार पहले लोगों को समझाने का प्रयास करेगी, लेकिन अगर कोई कानून की भाषा नहीं समझेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्यार से मानेंगे तो ठीक है, नहीं





तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। सीएम योगी ने यह भी साझा किया कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि क्या यूपी में वाकई सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाती, तो उनका जवाब होता है कि बिल्कुल नहीं पढ़ी जाती, क्योंकि सड़कें जनता के लिए हैं। किसी को भी आम नागरिकों के रास्ते में बाधा डालने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने खुद ही बताया कि जब उनसे पूछा गया कि कुछ लोगों का तर्क है कि उनके पास जगह कम है और संख्या ज्यादा है, तो इस पर उन्होंने व्यावहारिक समाधान के साथ–साथ एक तीखा तंज भी कसा। सीएम योगी ने कहा कि अगर जगह की कमी है, तो लोग घर में नमाज अदा करें या फिर अलग–अलग शिफ्ट में इसे पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि आपके घर में रहने की जगह नहीं है, तो जनसंख्या को नियंत्रित कर लो। उन्होंने साफ किया कि जगह की कमी का बहाना बनाकर सार्वजनिक संपत्ति या सड़कों को रोकने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री के इस बयान से साफ है कि उत्तर प्रदेश सरकार अब सड़कों पर होने वाली किसी भी प्रकार की धार्मिक या सामाजिक गतिविधियों सेलगने वाले जाम को लेकर जीरो–टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। सीएम योगी ने कड़े लहजे में कहा कि आम जनता को परेशानी में डालकर कोई भी आयोजन नहीं किया जा सकता। जहां जिसका धार्मिक स्थल है, वह वहां जाकर अपनी इबादत या पूजा करे। सरकार का यह सख्त संदेश राज्य में कानून–व्यवस्था और सार्वजनिक अनुशासन को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## जनसेवा, सुरक्षा व सुशासन सरकार का संकल्प : योगी आदित्यनाथ

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि जनसेवा, सुरक्षा व सुशासन सरकार का संकल्प है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, व्यस्ततम दिनचर्या के बीच सोमवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिले और हर किसी की समस्या सुनी। मुख्यमंत्री ने सभी से कहा कि जनसेवा, सुरक्षा व सुशासन सरकार का संकल्प है। आपकी हर उचित समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया। श्जनता दर्शनश में बिहार से भी एक महिला मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं। मुख्यमंत्री ने उनका अभिवादन कर कुशलक्षेम पूछा। योगी ने सभी के प्रार्थना पत्र लेने के उपरांत सम्बंधित जनपदों के अधिकारियों को प्रकरण की जांच कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं मामलों पर नजर रखें और पीड़ितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या



का समाधान हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि पूरी तत्परता व संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में योगी की प्रशंसक एक महिला बिहार से आई थीं। मुख्यमंत्री सभी की समस्या सुनते हुए उनके पास भी पहुंचे और पूछा कि वह कहां से आई हैं, उनको क्या परेशानी है। इस पर महिला ने कहा– महाराज जी, प्रणाम। हम बिहार से आइल बानी। हमके कवनो दिक्कत नाही बा। बस, आपके दर्शन करेके रहल, त आ गइलीं। इस पर योगी ने उनका अभिवादन किया, फिर कहा कि षर्मी बहुत पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में अकारण घर से न निकलें और परिवार के सभी लोगों का भी विशेष ध्यान रखें।

## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा, डॉलर के मुकाबले 96.25 तक लुढ़का

(एजेंसी) मुंबई भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, मजबूत अमेरिकी मुद्रा और वैश्विक भू–राजनीतिक तनावों के चलते घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला और जल्द ही 96.25 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक फिसल गया। यह पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले 44 पैसे की गिरावट दर्शाता है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर की मजबूती से उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा है। इसका असर भारतीय रुपये पर भी साफ दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को भी रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ 95.81 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.04 प्रतिशत बढ़कर 99.32 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में भी कमजोरी का माहौल रहा। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 833.20 अंक टूटकर 74,404.79 अंक पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 234 अंक गिरकर 23,401.70 अंक पर कारोबार करता दिखा।

## भारत- स्वीडन के बीच 6 बड़े समझौते, स्वीडन का सर्वाच्च सम्मान मिलने पर बोले पीएम मोदी -140 करोड़ भारतीयों का सम्मान, संबंधों को

(एजेंसी) स्वीडन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत–स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गये श्री मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किये। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत–स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य–दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा,ष्ये समझौते भारत–स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत–स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य–दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रोद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत–स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2.0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और



नवाचार को बढावा देने के लिए उन्होंने भारत–स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर–स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,ष कल गोथेनबर्ग में यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन (ईआरटी) को संबोधित करने का सम्मान प्राप्त हुआ। मेरे भाषण में भारत–यूरोप के बढ़ते सामंजस्य, भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से खुलने वाले अवसरों, भारत की सुधार–प्रेरित विकास यात्रा तथा प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, अवसंरचना, गतिशीलता और स्वास्थ्य सेवा में सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की गई। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा ,प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन और मैंने कल शाम गोथेनबर्ग में स्वीडन के उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। इस संवाद में महामहिम क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया ने भी भाग लिया। हमने भारत और स्वीडन के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की, विशेषकर भविष्य की प्रौद्योगिकियों, अनुसंधान एवं विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में। मैंने भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता को बेहद सार्थक बताते हुए कहा है कि परस्पर बढते सहयोग को देखते हुए दोनों देशों ने संबंधों को रणनीति साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय किया है। मोदी ने उन्हें स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द नॉर्थ स्टार से सम्मानित किये जाने को भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान करार दिया। पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन की दो दिन की यात्रा पर गये मोदी ने प्रधानमंत्री क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद रविवार देर रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ अत्यंत उत्कृष्ट वार्तालाप हुए। यह भी अत्यंत प्रसन्नता की बात रही कि युवराज्ञी विक्टोरिया ने भी बैठक में भाग लिया। उन्होंने स्वीडन के महाराज और महारानी की ओर से शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। उनके प्रति मेरा आभार। उन्होंने कहा कि भारत और स्वीडन के संबंध लोकतांत्रिक मूल्यों, विधि के शासन के सिद्धांतों और मानव–केंद्रित विकास की मजबूत नींव पर आधारित हैं। सभी क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग को देखते हुए, हमने अपने संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान व्यापार, रक्षा, नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयन से मुलाकात पर मोदी ने कहा , गोथेनबर्ग में आपसे मिलकर अत्यंत प्रसन्नता हुई, अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन। भारत–यूरोप संबंधों की प्रबल संभावनाओं पर, विशेषकर भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संदर्भ में, मैं आपसे पूर्णतः सहमत हूं। स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द नॉर्थ स्टार से सम्मानित किये जाने पर उन्होंने कहा ,ष मुझे अभी ऑर्डर ऑफ द नॉर्थ स्टार से सम्मानित किया गया है। यह केवल मेरे लिए ही नहीं, बल्कि भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए भी सम्मान है ष प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्वीडन में हमारे उन सभी मित्रों को भी श्रद्धांजलि है जिन्होंने भारत और स्वीडन के संबंधों को सुदृढ़ किया और एक मजबूत आधार तैयार किया। हमारी दोनों राष्ट्रों के बीच मित्रता निरंतर प्रगाढ़ होती रहे। प्रधानमंत्री मोदी को एक विशेष समारोह में, स्वीडन की युवराज्ञी विक्टोरिया ने रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस से सम्मानित किया, जो स्वीडन के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, जिसकी स्थापना 18वीं शताब्दी में हुई थी। यह सम्मान स्वीडन द्वारा विदेशी शासनाध्यक्षों को असाधारण लोकसेवा और स्वीडन के साथ संबंधों को सुदृढ़ करने में योगदान के लिए प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। स्टरसन और श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की विरासत को रेखांकित करते हुए विशेष स्मारक उपहारों का आदान–प्रदान किया। क्रिस्टरसन द्वारा दिए गए उपहार में एक बॉक्स शामिल था, जिसमें गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा हस्तलिखित दो नीति–वचनों (एपिग्राम) की प्रतिकृतियां, एक संक्षिप्त व्याख्यात्मक लेख और वर्ष 1921 में उप्साला विश्वविद्यालय की यात्रा के दौरान ली गई गुरुदेव टैगोर की एक तस्वीर थी। हाल ही में स्वीडिश राष्ट्रीय अभिलेखागार में खोजे गए ये मूल दस्तावेज, गुरुदेव टैगोर द्वारा वर्ष 1921 और 1926 में अपनी स्वीडन यात्राओं के दौरान तैयार किए गए थे। श्री मोदी ने श्री क्रिस्टरसन को रवींद्रनाथ टैगोर की संकलित रचनाओं का एक संग्रह भेंट किया, साथ ही शांतिनिकेतन का विशेष रूप से हस्तनिर्मित एक बैग भी प्रदान किया, जिस पर वे रूपांकन (मोटिफ्स) अंकित हैं जिन्हें गुरुदेव ने स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए चुना था। प्रधानमंत्री ने गोथेनबर्ग में उद्योग के लिए यूरोपीय गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित किया। श्री क्रिस्टरसन, सुश्री वान डेर लेयेन, यूरोप के वरिष्ठ उद्योग जगत की हस्तियों तथा प्रमुख यूरोपीय और भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधियों ने वोल्वो समूह द्वारा आयोजित इस संवाद में भाग लिया। श्री मोदी ने भारत और यूरोप के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य को रेखांकित किया और लगातार जटिल तथा अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में विश्वसनीय साझेदारियों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने स्वीडन की कंपनियों से भारत में महत्वपूर्ण खनिजों सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। श्री मोदी स्वीडन से यात्रा के चौथे पड़ाव में नार्वे जायेंगे।

## नितिन नवीन ने भाजपा कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की

(एजेंसी) भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को ओडिशा में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की और अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव की रणनीतियों और राज्य में मंत्रिपरिषद के संभावित विस्तार पर चर्चा की। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रवति परीदा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में सुबह 8.30 बजे शुरू हुई बैठक में शिरकत की। भाजपा



सांसद संबित पात्रा और प्रताप सारंगी, ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, सह–प्रभारी लता उसेंडी और अन्य वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा के एक सूत्र ने बताया, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव के लिए पार्टी की रणनीतियों, मंत्रिपरिषद के संभावित विस्तार, विभिन्न बोर्डों और निगमों में पार्टी नेताओं की नियुक्तियों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद सारंगी ने कहा, कोर कमेटी ने भाजपा की विचारधारा और राज्य में पार्टी के सत्ता में रहने पर इसे बनाए रखने के तरीकों पर भी चर्चा की। पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद नवीन ओडिशा की अपनी पहली यात्रा पर रविवार रात यहां पहुंचे। भुवनेश्वर और पुरी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ कई संगठनात्मक बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम और रणनीतिक संवाद का कार्यक्रम है। सामल ने कहा कि नवीन की यात्रा को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इससे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं में ऊर्जा का संचार होगा।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब फतेहपुर की मासिक वर्चुअल बैठक सम्पन्न

## - हिंदी पत्रकारिता दिवस, शपथ समारोह, शरबत वितरण एवं महा सदस्यता अभियान को लेकर बनी रणनीति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की मई माह की मासिक वर्चुअल बैठक जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को राष्ट्रीय स्तर से प्राप्त दिशा–निर्देशों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस बैठक में जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं ब्लॉकों से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए और संगठन की मजबूती तथा पत्रकार हितों को लेकर अपने–अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल पत्रकारों को एक मंच पर जोड़ना ही नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान, सामाजिक सरोकारों में सहभागिता और पत्रकारिता के सम्मान को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों को जनपद स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में आगामी 30 मई को आयोजित होने वाले हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं शपथ समारोह को लेकर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि यह कार्यक्रम शास्त्री भवन में आयोजित किया जाएगा, जो कानपुर महानगर के ग्वालटोली क्षेत्र में स्थित है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, पत्रकार एवं संगठन से जुड़े सदस्य शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों एवं विधायकों को भी कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में संगठनात्मक शपथ समारोह के साथ पत्रकारिता के मूल्यों, दायित्वों एवं सामाजिक सरोकारों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदी पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए जनपद स्तर से लेकर तहसील स्तर तक अधिक से अधिक पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। संगठन के सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में पहुंचाने का कार्य करें,ताकि कार्यक्रम को भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जा सके। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय रूप से




कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद में सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा भी की गई। यह कार्यक्रम 23 मई दिन शनिवार सुबह 9 बजे लाल बाजार स्थित फुजैल खान जिला महासचिव नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। बैठक में इस कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई। बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया जाएगा, जिससे संगठन की सामाजिक प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होगी। जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन केवल बैठकों और औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाजसेवा एवं पत्रकार हितों के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में भी संगठन के बैनर तले जनहित एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी पदाधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन की पूरी टीम सहयोग प्रदान करेगी, जिससे संगठनात्मक एकता और मजबूती बनी रहे। बैठक में महा सदस्यता अभियान को लेकर भी गंभीरता से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्देश दिए कि वह अधिक से अधिक पत्रकारों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ें, ताकि जनपद में संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की संख्या और सक्रियता पर निर्भर करती है। यदि संगठन मजबूत होगा तो पत्रकारों की समस्याओं एवं मांगों को शासन–प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा तथा उनके अधिकारों की लड़ाई भी मजबूती से लड़ी जा सकेगी। बैठक के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार–विमर्श किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं, पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं संगठनात्मक सुझावों को साझा किया। जिला अध्यक्ष ने सभी साथियों का हालचाल लेते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि संगठन स्तर पर जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन हर साथी के सुख–दुख में उसके साथ खड़ा है और पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा जताई गई। वर्चुअल बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठन के प्रति उत्साह एवं समर्पण स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# मुठभेड़ में लूटकांड का खुलासा, एक बदमाश घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। हरेवली क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने रविवार देर रात खुलासा कर दिया। चेकिंग के दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद दो किशोरों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर कुराली निवासी दो युवक अस्पताल से लौट रहे थे। रास्ते में अफजलगढ़ रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और तमंचा दिखाकर उनकी बाइक, मोबाइल फोन और नकदी लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार रात थाना पुलिस शेरकोट–अफजलगढ़ मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर जनपद निवासी निकुंज के रूप में हुई है। उसके साथ दो नाबालिगों को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने लूटी गई बाइक, मोबाइल फोन, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ग्राम तीर्थ स्थापना कार्यक्रम समापन में शामिल हुए डिप्टी सीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विकास खंड बड़ोखर स्थित ग्राम चिल्ली धाम में आयोजित ग्राम तीर्थ स्थापना कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और



स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

उपमुख्यमंत्री ने ग्राम तीर्थ की परंपरा और सांस्:तिक विरासत को गांवों की पहचान बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। समारोह के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्:तिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मंच से विकास कार्यों और ग्रामीण क्षेत्र के उत्थान को लेकर कई बातें कही गईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों की भी मौजूदगी रही।

# भीषण गर्मी में बरतें सावधानी, लापरवाही पड़ सकती भारी : डॉ. सर्वेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को लेकर जिले के वरिष्ठ सर्जन, बद्री प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल के संस्थापक एवं एसकेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सबलापुर के



चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला (सर्जन) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गर्मी और लू को हल्के में लेना जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए समय रहते बचाव बेहद जरूरी है। डॉ. सर्वेश शुक्ला ने बताया कि तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बेवजह घर से बाहर न निकलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना, ओआरएस, नींबू पानी और तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। हल्के व सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढककर रखें। बाहर का बासी व तला–भुना भोजन खाने से बचना चाहिए। डॉ. सर्वेश शुक्ला ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर, अत्यधिक पसीना या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें और लापरवाही न करें। गर्मी से बचाव के पांच उपाय – भरपूर पानी और तरल पदार्थ लें। – दोपहर की तेज धूप से बचें। – सूती व हल्के कपड़े पहनें। – सिर और चेहरे को ढककर निकलें। – कमजोरी या चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। – डॉ. सर्वेश शुक्ला की अपील गर्मी और लू को नजरअंदाज न करें। सावधानी ही बचाव है, इसलिए अपने साथ परिवार के बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# डीएम ने संभावित बाढ़ व कटान को लेकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद में संभावित बाढ एवं कटान के .ष्टिगत संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओ का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने किया। जिलाधिकारी ने तहसील सदर अन्तर्गत कुर्था एवं तहसील सैदपुर अन्तर्गत बूढेनाथ महादेव मंदिर में चल रहे कटान रोधक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा मानकों के अनुरूप कार्य संपादन का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार




गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच की तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, निर्माण कार्य ससमय तक पूर्ण करा लिया जाय। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्य प्रगति की रिपोर्ट समय–समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर रवीश गुप्ता, उपजिलाधिकारी सैदपुर ज्योति चौरसियां, अधिशासी अभियन्ता देवकली पम्प कैनाल राजेन्द्र प्रसाद, कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहरपुर का दबदबा

## - सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जो मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं : डा. हर्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील लहरपुर में सीबीएसएसी बोर्ड से संचालित इराइज इंडिया पब्लिक स्कूल का इंटर के छात्र छात्राओं का दबदबा रहा इराईज इंडिया




पब्लिक स्कूल में मेधावियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें इंटर कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर हर्ष पुरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर सफलता की एक नई शुरुआत होती है, और हमारे विद्यार्थी निरंतर सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। हमें अत्यंत गर्व एवं प्रसन्नता के साथ यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस उत्.ष्ट सफलता के रूप में सामने आया है। हमारे विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्.ष्ट अंक प्राप्त कर नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के गौरवशाली टॉपर्स में आयुषी मनार 95 प्रतिशत, सृष्टि वर्मा 91 प्रतिशत, इंशा वली 90.5 प्रतिशत, शिवा भार्गव 90.5 प्रतिशत शामिल हैं। इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ प्रेषित की। विद्यालय की प्रधानाचार्या कमल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतर उत्.ष्ट शिक्षा एवं अनुशासन का प्रतीक है। विद्यालय के निदेशक डॉ हर्ष पुरी एवं अदिति टंडन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय परिवार को इस ऐतिहासिक सफलता पर शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त करता है, जिनके निरंतर सहयोग, समर्पण और विश्वास से यह सफलता संभव हो सका।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। तेज रतार बाइक डिवाइडर से टकरा जाने



से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करण पुत्र लाल सिंह निवासी कासमपुर गढ़ी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक बाइक से कहीं जा रहा था, तभी धामपुर क्षेत्र में दुर्गा विहार के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## लखीमपुर खीरी में भीषण सड़क हादसा, मैजिक-ट्रक की आमने-सामने टक्कर में 10 की मौत, कई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ईसानगर थाना क्षेत्र के ऊंचगांव और भरेहटा के बीच, धौरहरा बॉर्डर के पास नेशनल हाईवे–730 पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर से सिसैया जा रही सवारी मैजिक की बहराइच की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख–पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि मैजिक में करीब 12 यात्री सवार थे। हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ धौरहरा, थाना ईसानगर, खमरिया और अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और राहत–बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस मृतकों की शिनाख्त कराने और परिजनों को सूचना देने की कार्रवाई में जुटी है। इस भीषण हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। लगातार हो रहे सड़क हादसों ने छभ्–730 पर यातायात सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जिला कारागार में मुलाकातियों के लिए शीतल जल व बैठने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल को ज्ञापन सौंपकर जिला कारागार के मुलाकात स्थल पर भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए शीतल पेयजल, फ्रिजर/वाटर कूलर, छायादार स्थान एवं बैठने की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों से मिलने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे एवं दूर–दराज क्षेत्रों से आने वाले परिजन पहुंचते हैं, लेकिन मुलाकात स्थल पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। भीषण गर्मी और तेज लू के बीच लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की तबीयत खराब होने का खतरा



लगातार बना रहता है। उन्होंने कहा कि मुलाकात स्थल पर न तो शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए उचित स्थान उपलब्ध है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि यह विषय सीधे तौर पर जनहित, मानवता एवं आमजन की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है, इसलिए प्रशासन को तत्काल इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिला कारागार के मुलाकात स्थल पर तत्काल फ्रिजरध्वाटर कूलर लगवाए जाएं तथा छायादार बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि बंदियों से मिलने आने वाले परिवारजनों को इस भीषण गर्मी एवं लू से राहत मिल सके। ज्ञापन की प्रतिलिपि माननीय कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को भी प्रेषित की गई है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष,




पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए रैन बसेरों की साफ–सफाई सुनिश्चित कराई जाए तथा उनकी सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर चस्पा की जाए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए ताकि परीक्षार्थियों को केंद्र ढूंढने में परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 5256 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 21 मई 2026 को एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.05 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेगी तथा प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट परीक्षा शुरू होने से 35 मिनट पूर्व सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की निगरानी में खोले जाएंगे। सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा से एक दिन पूर्व केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन गूगल ऐप पर साझा की जाए, ताकि अभ्यर्थियों को आने–जाने में सुविधा मिल सके। साथ ही प्रमुख चौराहों पर पूछताछ केंद्र स्थापित करने और सभी केंद्रों पर महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कल लगेगी किसान समस्याओं की चौपाल

## - कृषि भवन सभागार में होगा किसान दिवस का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु आगामी 20 मई को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उप .षि निदेशक आरएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों एवं जिलाधिकारी के अनुमोदन के अनुपालन में माह मई का किसान दिवस .षि भवन सभागार में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम बुधवार को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। किसान दिवस में .षि विभाग सहित .षि से जुड़े सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा किसानों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया जाएगा। प्रशासन ने जनपद के अधिक से अधिक किसानों से किसान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने की अपील की है, ताकि संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# विवाह के सात दिन बाद उजड़ गई दुल्हन की जिंदगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। छाछरी मोड़ के निकट सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक नवविवाहिता की जान चली गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में मातम पसर गया। बताया गया कि शहर की खस्सा कॉलोनी निवासी फिजा का विवाह एक सप्ताह पूर्व शेरकोट निवासी शहजाद के साथ हुआ था। सोमवार को दोनों चांदपुर क्षेत्र में रिश्तेदारी से लौट रहे थे। इसी दौरान छाछरी मोड़ के पास सड़क पर गिरे पेड़ को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो गई और पीछे से आ रही रोडवेज बस की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि फिजा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि शहजाद घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने साथ ले गए। पुलिस के अनुसार मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# चरमराई विद्युत व्यवस्था, लो व हाई-वोल्टेज से लोग परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, बाबागंज। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा वह आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती और वोल्टेज के उतार–चढ़ाव से आम जनता त्रस्त है। रविवार रात कई इलाकों में वोल्टेज 30 से 40 तक गिर गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में जागकर रात काटनी पड़ी। वहीं स्टेशन रोड क्षेत्र में अचानक आए हाई–वोल्टेज के कारण कई घरों के बिजली उपकरण फुंक गए और स्टेशन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक का मीटर भी धुएं के साथ जल गया। स्थानीय सभासद और नागरिकों ने शिकायत की है कि नए अवर अभियंता (जेई) के आने के बाद से व्यवस्था और बिगड़ गई है, जबकि जेई शंभू दयाल द्वारा फोन रिसीव न करने से लोगों में आक्रोश है।

# कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित धरना, प्रदर्शन अशोक लाट में नारेबाजी करते हुए खा गया सोना, पी गया तेल, यह देखो मोदी का खेल, मोदी हटाओ, देश बचाओ, बहुत हुई महगांई की मार, अबकि बार कांग्रेस की सरकार आदि नारे लगाते हुए किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में भेजा गया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि सभी कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपति से मांग की है कि भारत सरकार ने अचानक आश्चर्यजनक तरीके से डीजल, पेट्रोल एवं सीएनजी गैस की मूल्य वृद्धि कर भारत देश के आम उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाला है, इस मूल्य वृद्धि से खाने पीने की वस्तुओं पर सीधा असर पड़ेगा, यात्रा महंगी होगी, इस प्रकार आम आदमी को लूटने का इस मोदी सरकार का इरादा सामने आ गया है। कांग्रेस पार्टी का



मानना है कि आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ना तय है। जिला व शहर कांग्रेसजन भाजपा सरकार की इस जन विरोधी नीति की निंदा करते हैं। राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि इस सरकार को हिदायत दें कि आमजन पर इस तरह महंगाई बढ़ाकर भारी बोझ न डालें, बढ़ी कीमतों को वापस लें, कच्चा तेल मोदी रूस से क्यों नहीं मंगाना चाहते हैं। ट्रंप की उंगलियों के इशारे पर न चले। प्रधानमंत्री को अपने देशवासियों को देखना चाहिए न कि ट्रंप को। रूस भारत का पुराना साथी है वहां से उपरोक्त आवश्यक वस्तुएं मंगाना चाहिए। भारत देश में पेट्रोल, डीजल, गैस की कमी नहीं होने देना चाहिए। हमारी मांग है कि उपरोक्त बढ़ी मूल्य वृद्धि वापस हो। इस अवसर पर धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी पवन देवी कोरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलेश दीक्षित, रमेश चन्द्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद इदरीश भाई, डॉ संजय द्विवेदी दनादन, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला, बल्देव वर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, नाती गर्ग, अमित तिवारी, जितेन्द्र, गौरव द्विवेदी, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, अशोक वर्धन कर्ण, अशोक सिंह चौहान, केपी सेन, राजबहादुर गुप्ता, आशुतोष द्विवेदी ओरन, अजय शुक्ला, कैलाशनाथ बाजपेई, अशरफ उल्ला खान रम्पा, जिलानी दुर्रानी, आरिफ निजामी, इस्लाम, जितेन्द्र गुप्ता, लालबाबू राजपूत, सुखलाल वर्मा, सेवक लाल वर्मा, रविशंकर, मेहंदी हसन, वारिस अली, सेवा लाल आदि सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता, पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

## - दहेज प्रताड़ना के बाद विवाहिता की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। दहेज की मांग और लगातार हो रही प्रताड़ना ने एक विवाहिता की जान ले ली। ससुरालीजनों की मारपीट से गंभीर रूप से घायल



हुई महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद मायके पक्ष में आक्रोश फैल गया और परिजनों ने शव रखकर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार कराया गया। दो वर्ष पहले हुई थी शादी लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बसंतपुर कठोईया निवासी गंगा दयाल ने अपनी 25 वर्षीय बेटी अनामिका की शादी दो वर्ष पूर्व डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे नान्ही करकशा निवासी नरेंद्र कुमार के साथ की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी में सामर्थ्य अनुसार दान–दहेज दिया गया, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई मृतका के भाई अंकित के अनुसार 12 मई को अनामिका के साथ ससुराल पक्ष ने मारपीट की थी। इसके बाद वह बहन को लेकर डलमऊ कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और दोनों को वापस भेज दिया। आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते आरोपियों के हौसले बढ़ गए। फिर हुई बेरहमी से पिटाई परिजनों का कहना है कि अगले ही दिन पति, सास, ससुर, देवर और ननद ने मिलकर अनामिका की जमकर पिटाई की, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। शव रखकर किया प्रदर्शन सोमवार को मायके पक्ष के लोगों ने शव रखकर ससुराल पक्ष की गिरतारी और कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरतारी के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। रो–रोकर बेसुध हुए पिता पिता गंगा दयाल का कहना है कि उन्होंने मजदूरी करके बेटी की शादी धूमधाम से की थी। बेटी की सास की मांग पर सोने की चेन तक दी गई थी। शादी में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए कर्ज तक लेना पड़ा। इसके बावजूद दहेज लोभियों ने उनकी बेटी की जान ले ली। पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। महिला सुरक्षा और उत्पीड़न पर सख्त कार्रवाई के दावे करने वाली पुलिस शिकायत मिलने के बाद भी सक्रिय नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर देती तो विवाहिता की जान बच सकती थी। महिला उत्पीड़न के मामलों में पुलिस की लापरवाही लोगों में नाराजगी का कारण बन रही है।

# वेतन कटौती से नाराज मीटर रीडरों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

## - सीएम को संबोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन, न्यूनतम वेतन व समायोजित करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जिले में बिजली मीटर रीडरों की समस्याएं दिन व दिन बढ़ती जा रही है। पिछले कई माह न्यूतम वेतन में कटौती करते हुए चार से पांच हजार रुपये दिए जाने से नाराज मीटर रीडरों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन प्रदान किए जाने किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में मीटर रीडरो ने बताया कि वह कई सालों से बिजली विभाग में मीटर रीडिंग का कार्य पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत के साथ करते आ रहे हैं। वह हर कठिन परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं साथ ही कोविड–19 जैसी महामारी के समय भी अपने कार्य को नहीं छोड़ा गया, बावजूद इसके उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बताया कि पिछले मानदेय के रुप में उन्हें चार से पांच हजार रुपये ही प्रतिमाह दिया जा रहा है। उनकी वेतन कटौती के चलते उनका परिवार का पालन पोषण और बच्चों की शिक्षा करने में तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि अन्य विभागों के कर्मियों को निगम में सम्मिलित कर न्यूनतम मजदूरी के अनुसार वेतन प्रदान किया जा रहा है, लेकिन हम लोगों दो से तीन माह में न्यूतम वेतन से बहुत कम दिया जा रहा है, जो न्योचित नहीं है। उन्होंने अन्य विभागों के कर्मियों के अनुसार उन्हें भी समान अधिकार मिलने की मांग उठाई है। मीटर रीडरों ने मुख्यमंत्री से न्यूनतम वेतन प्रदान करने और विद्युत विभाग में



मायोजित करने की मांग की है, जिससे मीटर रीडर्स भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सके। ज्ञापन देने वालों में योगेश कुमार, विपिन कुमार, रमेश, अशरफ खान, प्रिंस साहू, कौशलकिशोर, नरेश किशोर, धीरेंद्र कुमार, रतनेश विश्वकर्मा, गजराज सहित अन्य मीटर रीडर शामिल रहे।

# पत्रकार भवन के लिए भटक रहे जमानियां के पत्रकार

## - पेड़ और मंदिर बना अस्थायी प्रेस कक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार आज खुद बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। जनपद की जमानियां तहसील में कार्यरत पत्रकारों को इस भीषण गर्मी में बैठने तक के लिए कोई स्थायी पत्रकार भवन या कार्यालय नसीब नहीं है। 42 से 45 डिग्री तापमान के बीच पत्रकार कभी सड़क पटरी, कभी पेड़ की छांव तो कभी तहसील के पीछे बने मंदिर परिसर में बैठकर खबरें



जुटाने और भेजने को मजबूर हैं। एनएच–24 के किनारे स्थित तहसील मुख्यालय के आस पास कोतवाली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय और ब्लॉक कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय होने के बावजूद पत्रकारों के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि वे पूरे वर्ष गर्मी, सर्दी और बारिश में जनसमस्याओं और प्रशासनिक गतिविधियों को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। पत्रकार प्रदीप शर्मा, रतन श्रीवास्तव, जफर इकबाल और अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से पत्रकार भवन की मांग की गई, लेकिन आज तक इस मुद्दे पर कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जनपद में लोकसभा और राज्यसभा सांसद के साथ जमानियां विधायक भी हैं, फिर भी पत्रकारों के लिए एक छोटे से भवन की व्यवस्था तक नहीं हो सकी। यहां तक कि प्रदेश सरकार के तरफ से भी तहसील स्तर पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे पत्रकारों को सहूलियत मिल सके। पत्रकारों ने सवाल उठाया कि जब लोकतंत्र की आवाज उठाने वाले ही मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहेंगे तो व्यवस्था की सच्चाई कौन सामने लाएगा। पत्रकार जीवन भर लोक व्यवस्थाओं और पीड़ितों की आवाज बनकर अपने कलम से न्याय की लड़ाई लड़ता है, बावजूद इसके पत्रकारों की पीड़ा को समझने के लिए कोई समाजसेवी, जनप्रतिनिधि आगे नहीं आता, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।

# अश्परेशन दहन के तहत हजारों किलो मादक पदार्थ नष्ट

## - पुलिस ने ड्रग्स कारोबार पर कसा शिकंजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन अभियान के अंतर्गत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामलों में बरामद भारी मात्रा में मादक पदार्थों का विधिक प्रक्रिया के तहत विनष्टीकरण कराया।



पुलिस प्रशासन के अनुसार 1 मार्च 2026 से संचालित इस अभियान के तहत जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देखरेख में जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामलों में बरामद मादक पदार्थों को संकलित कर नियमानुसार निस्तारित किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के कुल 206 अभियोगों से संबंधित लगभग 5774.822 किलोग्राम मादक पदार्थों के विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इनमें 306.842 किलोग्राम अवैध गांजा, 32.399 किलोग्राम चरस, 0.194 किलोग्राम अफीम, 0.477 किलोग्राम स्मैकध्हेरोइन, 5415.8 किलोग्राम अवैध डोडा तथा 19.111 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई भारत सरकार द्वारा जारी नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस नियमावली–2022 के तहत की गई। मादक पदार्थों का निस्तारण कानपुर देहात स्थित अधि.त इंसीनेरेटर प्लांट में जिला स्तरीय समिति की मौजूदगी में वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के साथ पूर्ण पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप कराया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं कारोबार के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में एक चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। दो ट्रको के बीच आमने–सामने जोरदार भिडंत होने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई। वही दूसरे ट्रक के चालक तथा खलासी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र के केदार खेड़ा निवासी शैलेद्र यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र किशोर यादव सोमवार की सुबह खाली ट्रक लेकर बालू लेने बांदा आ रहा था। तभी बांदा से गिटटी लेकर ट्रक फतेहपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही दोनो ट्रक चिल्ला थाना क्षेत्र के तारा गांव के बजरंगी डेरा के पास पहुंचे ही थे कि गिटटी भरे ट्रक चालक को झपकी लग गई। जिससे दोनों ट्रको के बीच आमने–सामने भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार रही कि दोनों ट्रको के परखच्चे उड़ गए। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग दौड़े। वहीं गिटटी लदे ट्रक के चालक डिंपल जैन खाली अभिषेक जैन निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश घायल हो गए। मौके से यह दोनों ट्रक छोड़ कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से ट्रक में फंसे चालक शैलेद्र को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुरैनी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र शिविर

## - 393 ग्रामीणों ने उठाया लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल के पुरैनी गांव में ग्रामीण आर्थिक सामाजिक उत्थान केन्द्र द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय आधारभूत विद्यालय में आयोजित इस शिविर में कुल 393 ग्रामीणों की जांच की गई। सामान्य स्वास्थ्य जांच में 256 लोगों (182 महिलाएं, 74 पुरुष) तथा नेत्र परीक्षण में 137 लोगों (85 महिलाएं, 52 पुरुष) को निःशुल्क दवाएं और परामर्श दिया गया। शिविर में 85 वर्षीय बुजुर्ग से लेकर 11 माह के शिशु तक का इलाज हुआ। सेन्ट्रल सिटी अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने पाया कि अधिकांश मरीज त्वचा रोग, एलर्जी, बदन दर्द और आंखों के सूखेपन व मोतियाबिंद से पीड़ित थे। इस दौरान विद्यालय को एक प्राथमिक उपचार बॉक्स भी भेंट किया गया।

# डिप्टी सीएम का मेडिकल कॉलेज में हुआ आगमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का मेडिकल कॉलेज आगमन हुआ। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास कार्यों को गति देना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लालसा न हो और काम को समय पर पूरा किया जाए।



# एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 10 साल की सजा, एक लाख जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख




रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। थाना सैफई क्षेत्र में वर्ष 2023 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में एडीजे–7/एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने अभियुक्त देवसिंह उर्फ देव पुत्र बन्नी सिंह निवासी विहार कॉलोनी थाना करहल जनपद मैनपुरी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। मामले के अनुसार 28 मार्च 2023 को थाना सैफई पुलिस ने आरोपी के पास से 115 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया था। बरामदगी के आधार पर थाना सैफई में धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी द्वारा साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद थाना सैफई पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल गुलाब सिंह, मॉनिटरिंग सेल टीम एवं एडीजीसी योगेंद्र सिंह परिहार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। लगातार साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया। इटावा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# खो-खो प्रतियोगिता में धनुआ इंटर कॉलेज ने मारी बाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। जिला खो–खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुकाबलों के दौरान



खिलाड़ियों में जीत का जज्बा और खेल भावना देखने को मिली। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एसपीएस डिग्री कॉलेज जसवंतनगर और धनुआ इंटर कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, लेकिन अंत में धनुआ इंटर कॉलेज की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करती हैं तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार एवं सेवानिवृत्त लिपिक गिरीश चंद्र यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कानपुर नगर, कानपुर देहात, एसपीएस डिग्री कॉलेज जसवंतनगर तथा डॉ. राममनोहर लोहिया इंटर कॉलेज सहित कई टीमों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैच रेफरी की भूमिका धर्मेंद्र यादव एवं देवेंद्र यादव ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन एवं जिला खो–खो एसोसिएशन के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# श्रीराम कथा के चौथे दिन धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बिलगांव के प्रमुख स्थल श्री बड़ेदेव बाबा परिसर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित देवेंद्र द्विवेदी महाराज द्वारा भए प्रगट .पाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी



के साथ ही प्रभु श्रीराम जी का जन्मोत्सव की पावन कथा एवं उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बीच विभिन्न भक्ति भजन मेरे रामजी की प्यारी राज धानी लागे मोहे मीठे–मीठे सरजू जी को पानी लागे आदि भजन बधाई गीत बधइया बाजे आज आगने में भजनों के द्वारा श्रद्धालु भक्त भक्ति के रस में डूबे रहे। श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास श्री द्विवेदी जी महाराज द्वारा भगवान श्रीराम की जन्मोत्सव की कथा एवं विभिन्न बाल लीलाओं का दिग्दर्शन कराते हुए श्रद्धालु भक्तों को परमात्मा की भक्ति पर जोर दिया कथा के मध्य विभिन्न भक्ति भजनों के साथ श्रीराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। संगीतमय कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक अरुण पांडेय आर्गनवादक, रामरूप सिंह तबलावादक आदि कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति ने श्रोता भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। श्रीराम कथा व्यवस्था में राकेश शर्मा, अतुल सिंह, धीरज शर्मा, डॉ राकेश कुशवाहा, मास्टर सिंह, फूल सिंह, संतू सिंह, छोटू सिंह, सहित समस्त श्रद्धालु भक्तों का विशेष योगदान रहा जबकि साउंड लाइट साज सजावट व्यवस्था में महाकाल प्रोपाइटर रूद्र सिंह परिहार आलिहा शामिल है।

# देश हित में सोने-चांदी की बुलियन खरीद व बिक्री को करें हतोत्साहित : डीएम

## - विदेशी मुद्रा भंडार में आ रहे दबाव को कम करने के लिए हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। देश हित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के सानिध्य में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुँवर पंकज एवं उपायुक्त राज्य कर नीरज सेंगर एवं राज्य कर विभाग के अधिकारी एवं सर्राफा एसोसिएशन/बुलियन व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना, विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे दबाव को कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है। बैठक के दौरान डीएम द्वारा बैठक में उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया और यह अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देश हित में स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद–बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की



गई। व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित अवनीश सोनी, महामंत्री नगर महोबा द्वारा सुझाव दिया गया कि सरकार के द्वारा बुलियन बैंक की स्थापना एवं गोल्ड मोनेटाइजेशन जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं करायी जाएं। इसके अतिरिक्त सर्राफा व्यापारियों द्वारा सुरक्षा की .ष्टि से उन्हें शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में चरखारी, श्रीनगर, कबरई, महोबा एवं कुलपहाड़ के सर्राफा यूनियन के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सोमवार को सर्राफा व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शी लेन–देन तथा उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यापारियों द्वारा बताए गए सुझावों और समस्याओं पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार किया। जिलाधिकारी ने त्योहारी एवं विवाह सीजन को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना पर पुलिस–प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर दुकानों एवं गलियों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने, कैश लेन–देन में पारदर्शिता अपनाने और उपभोक्ताओं को सही वजन एवं गुणवत्तायुक्त आभूषण उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने चोरी–छिनैती की घटनाओं पर नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और बाजार में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसे सुझाव रखे। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच तालमेल बेहतर होगा तो आमजन को अधिक सुरक्षित व सुव्यवस्थित बाजार सुविधा मिल सकेगी। बैठक के समापन पर शासन की मंशा पर चर्चा कर राष्ट्र हित में अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के सामान्य होने तक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की अपील के अनुसार कार्य किए जाने की अपील की गयी।

# निपुण भारत मिशन की समीक्षा बैठक में गुणवत्ता शिक्षा पर जोर

## - तेजवापुर ब्लॉक सभागार में हुई प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा, उत्कृष्ट विद्यालय सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर सोमवार को ब्लॉक सभागार तेजवापुर में समस्त प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, नामांकन, गुणवत्ता शिक्षा और डिजिटल संसाधनों के उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने, आधार विहीन बच्चों का आधार बनवाने तथा सत्र 2026–27 के नामांकन अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने संचारी रोग अभियान, निपुण भारत मिशन, प्रेरणा पोर्टल और विभागीय शैक्षिक कैलेंडर के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्धारित पाठ्यक्रम समय से पूरा कराने पर जोर दिया। एआरपी नरेंद्र कुमार राय ने समय सारिणी के अनुसार नियमित कक्षाओं के संचालन, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम, टीएलएम एवं गणित किट के उपयोग तथा निपुण प्लस ऐप के माध्यम से प्रैक्टिस टेस्ट कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संघर्षशील विद्यालयों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर बल दिया। रश्मि मधेशिया ने विद्यालयों में पठन संस्.ति विकसित करने, पुस्तकालय पुस्तकों एवं समाचार पत्रों के नियमित पठन तथा स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की। बैठक में निपुण प्लस असेसमेंट में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक विद्यालय अहिरनपुरवा, तारापुर–2 और मिर्जापुर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा बंजारी मोड़ शाखा द्वारा पीएफएमएस संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैंप भी लगाया गया। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, पूर्व एआरपी डा. एनके शुक्ला,कोषाध्यक्ष जयसुख लाल मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, नफीस अहमद, मृत्युंजय शुक्ला, उदय शंकर त्रिपाठी, प्रदुम कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# मानदेय बढ़ोतरी से अंशकालिक अनुदेशकों में खुशी की लहर

## - 102 अनुदेशकों का सम्मान, 17 हजार रुपये मानदेय लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का आयोजन राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकभवन सभागार से मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा और सुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्.तिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में रंग जमाया। राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान सरकार में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो रही है। हाल ही में हुई 60 हजार पुलिस भर्ती में युवाओं का चयन उनकी योग्यता और मेहनत के आधार पर हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जबकि आज देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था और सकारात्मक माहौल के चलते देश–विदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। वर्ष 2011–12 के बाद सरकार ने अनुदेशकों का मानदेय पहले बढ़ाया था और अब वर्ष 2026 में इसे बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी प्रदान की गई है। सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के सम्मान और मानदेय में वृद्धि करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा सुविधा लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देने की



आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ उनमें अच्छे संस्कारों का विकास भी जरूरी है। विद्यालय का वातावरण सकारात्मक और बेहतर होगा तो विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में जनपद के 102 अंशकालिक अनुदेशकों को सम्मानित किया गया तथा 10 अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, हरि नारायण बाजपेई, विनीत पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक अरुण राज खरे सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई व पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## - भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, महंगाई के विरोध में बुलंद की आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी नियंत्रित करने में भाजपा सरकार का असफल हो चुकी है। नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के पेपर लीक होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्चों से जूझ रही जनता पर अब ईंधन मूल्य वृद्धि का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने यह बात सोमवार को शहर के आल्हा चौक और अंबेडकर पार्क में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी व घरेलू उपयोगी वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि किए जाने के विरोध में किए गए प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता को महंगाई के नाम पर एक और आर्थिक झटका सरकार ने दिया है। उनका आरोप है कि सरकार आम लोगों की परेशानियों को समझने में विफल रही है और लगातार टैक्स बढ़ाकर जनता से



पैसा वसूला जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव के बावजूद केंद्र सरकार टैक्स कम करने को तैयार नहीं है। जिला प्रवक्ता कुंवर राकेश सिंह ने कहा कि मोदी जी की जन विरोधी नीतियों के कारण ही आज देश की ऐसी स्थिति हुई है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शकीला बानो उर्फ मामा भारती ने सरकार निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना रही है। पूर्व प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह कहा कि घरेलू वस्तुओं की बेतहाशा मूल प्रति वृद्धि से आने वाले समय में जनता जवाब देगी। ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि सरकार की नीतियां मुट्ठी भर उद्योगपतियों के लिए ही है जिला महासचिव अरविंद द्विवेदी ने महंगाई से निम्न वर्ग को अपने घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। प्रदर्शन दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की महंगाई के विरोध में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन दौरान बृजराज सिंह अहिरवार, अरविंद द्विवेदी, प्रमोद कुमार, छत्रपाल अहिरवार देशराज, प्रेम सिंह वर्मा, सुनील कुमार, पंकज कुमार, विक्रम सिंह, आमना खातून, फरहा खातून, मुकेश सक्सेना, देवकीनंदन राजपूत सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों



से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्परता एवं निष्पक्षता के साथ समाधान करना पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान पहुंचे लोगों को न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया।

# तहसील बार एसोसिएशन के नवचयनित पदाधिकारियों को मिले प्रमाण पत्र

## - अधिवक्ताओं ने नई कार्यकारिणी से जताई सकारात्मक उम्मीदें

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तहसील बार एसोसिएशन जसवंतनगर के नवचयनित पदाधिकारियों को एल्डर्स कमेटी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं के बीच उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।



एल्डर्स कमेटी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित एडवोकेट मनोज सिंह कुशवाहा, उपाध्यक्ष एडवोकेट संदीप वर्मा, महामंत्री एडवोकेट सौरभ चौहान, कोषाध्यक्ष एडवोकेट रवि प्रताप सिंह तथा सचिव एडवोकेट आलोक रत्न शामिल रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल से सकारात्मक अपेक्षाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता पी.सी. श्रीवास्तव, रवि दीक्षित, रमन त्रिपाठी, यशपाल सिंह, रामाधार सिंह कुशवाहा, सौमिल सक्सेना, संजीव यादव, राजीव चतुर्वेदी, रामशंकर, मणिशंकर गुप्ता, सुरेंद्र बाबू, विपिन बिहारी, अवनीश कुमार यादव, महेंद्र प्रताप, मलखान सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार शाक्य ने किया।

# सिद्धपीठ पथरी बाबा मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई मूर्ति स्थापना वर्षगांठ

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम जसोहन स्थित प्राचीन सिद्धपीठ पथरी बाबा मंदिर में मूर्ति स्थापना की वर्षगांठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, हवन–पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा–अर्चना की और क्षेत्र में सुख–समृद्धि व शांति की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह



से ही धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत हवन–पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चारण से भक्तिमय वातावरण बना रहा। मंदिर के महंत गोटिया महाराज ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है तथा आपसी भाईचारे और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। उन्होंने लोगों से धर्म एवं संस्.ति के संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा नेता जितेंद्र शीलू तोमर ने कहा कि सिद्धपीठ पथरी बाबा मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर–दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में उमेश सिंह, दलवीर सिंह, पंडित प्रदीप मिश्रा, श्यामलाल, लप्पू तोमर, महेश चौहान, गुड्डू पंडित, नवरत्न सिंह, रणबीर बघेल, नीरज चौहान सहित अनेक श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# तीसरे दिन वृत्रासुर वध व पिप्पलाद चरित्र का वर्णन

## – तीर्थ की हुई महा आरती

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। पावन धार्मिक नगरी मिश्रिख तीर्थ स्थित दधीचि कुंड में चल रही भव्य महर्षि दधीचि कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण किया। कथा व्यास पंडित .ष्ण गोपाल राहुल जी महाराज ने अपने मुखारविंद से



वृत्रासुर वध, पिप्पलाद जी के जन्म, विवाह एवं उनके वंश का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

कथा व्यास ने बताया कि महर्षि दधीचि ने लोककल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान देकर देवताओं को शक्ति प्रदान की, जिसके माध्यम से वृत्रासुर का वध संभव हो सका। उन्होंने पिप्पलाद ऋषि के तप, त्याग और धर्ममय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्.ति में ऋषियों का योगदान अतुलनीय रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। पंडाल में हर–हर महादेव और दधीचि महाराज की जय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत–महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।उसके बाद दधीचि कुंड की महाआरती का आयोजन किया गया।तीर्थ को खूब सजाया गया और बड़े धूम धाम के साथ मुख्य यजमान सहित सभी नगर वासियों ने मिलकर के महाआरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

# घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप, थाने में तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। थाना महोली क्षेत्र के ग्राम संसड़ा में किसान मंच के पदाधिकारी के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रीति देवी पत्नी रंजीत कुमार ने थाना महोली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार घटना रविवार सुबह



करीब 8030 बजे की है। उस समय घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। आरोप है कि गांव के ही इंदुपाल विश्वकर्मा, पवन, देवेन्द्र व जयप्रकाश पुत्रगण राधेश्याम धारदार हथियार लेकर उनके घर के बाहर पहुंचे और जातिसूचक व अश्लील गालियां देने लगे। विरोधा करने पर सभी आरोपी जबरन घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि देवेन्द्र ने प्रीति देवी के साथ अश्लील हरकत करते हुए उनका ब्लाउज फाड़ दिया, जबकि पवन ने धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता ने बताया कि उनकी सास मंजू देवरानी सोनी, ननद सुषमा लता व दादी सास सावित्री देवी को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा, जिससे सभी को गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने आरोपियों को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए थाना महोली पुलिस से एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील .ष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# महंगाई व पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में हो रहे पेपर लीक और रसोई गैस, पेट्रोल–डीजल व खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के विरोध में जुलूस निकाला। कलेक्ट्रेट परिसर में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल से जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। नेताओं ने सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। साथ ही घोषणा की गई कि 21 से 27 मई तक राजीव–नेहरू सप्ताह मनाकर गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

# प्रसिद्ध शायर डॉ. तारिक कमर को वाली आसी अवर्ड से किया सम्मानित

## – लखनऊ में आयोजित गरिमामयी साहित्यिक समारोह में प्रदान किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। इल्म व अदब के ऐतिहासिक केंद्र लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर डॉ. तारिक कमर को उनकी उत.ष्ट साहित्यिक सेवाओं के सम्मान में प्रतिष्ठित वाली आसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में आयोजित एक गरिमामयी साहित्यिक समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों और शायरों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड मसऊदुल हसन उस्मानी, मौलाना अब्दुल अली फारूकी, इब्राहीम अलवी तथा वाली आसी अकादमी के अध्यक्ष मारूफ खाँ के हाथों डॉ. तारिक कमर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध चिंतक और साहित्यकार मसऊदुल हसन उस्मानी ने कहा कि समकालीन काव्य परि.श्य में डॉ. तारिक कमर को देखकर विशेष प्रसन्नता होती है, क्योंकि वे केवल उच्च शिक्षित, सुसंस्.त और प्रतिभाशाली शायर ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं। मौलाना अब्दुल अली फारूकी ने कहा कि वाली आसी अवॉर्ड के लिए डॉ. तारिक कमर का चयन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वाली आसी अकादमी ने एक महान शायर के नाम से जुड़े सम्मान के लिए एक वास्तविक और बड़े शायर का चयन किया है। उन्होंने



अकादमी और चयन समिति को इस चयन पर बधाई दी। वाली आसी अकादमी के अध्यक्ष मारूफ खाँ ने अपने संबोधन में कहा कि यदि देश के उच्च शिक्षित शायरों की सूची तैयार की जाए और उनके साहित्य का अकादमिक .ष्टि से मूल्यांकन किया जाए, तो डॉ. तारिक कमर प्रमुख और अग्रणी नामों में शामिल दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि अकादमी के लिए यह गर्व की बात है कि उसने एक गंभीर, जेनुइन और विशिष्ट आधुनिक शायर को इस सम्मान के लिए चुना है। संभल से संबंध रखने वाले डॉ. तारिक कमर डी. लिट. और पीएच.डी. के साथ–साथ तीन विभिन्न विषयों में परास्नातक उपाधियाँ तथा अनेक महत्वपूर्ण शैक्षिक योग्यताएँ प्राप्त कर चुके हैं। उनकी शायरी पर अनेक शोधपरक और आलोचनात्मक लेख लिखे जा चुके हैं। हाल ही में सिरसी के काशिफ रजा ने उनकी नज़्म और गजल की शायरी के विभिन्न आयामों पर पीएच.डी. पूर्ण की है। डॉ. तारिक कमर की चार काव्य–संग्रहों सहित दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जबकि वे बीस से अधिक देशों में उर्दू साहित्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी शायरी पर शम्सुर्रहमान फारूकी, गोपीचंद नारंग , इतिखार आरिफ तथा तकी आब्दी जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों और आलोचकों ने सकारात्मक विचार व्यक्त किए हैं। डॉ. किश्वर जहाँ जैदी ने भी उनके व्यक्तित्व और साहित्यिक अवदान पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक संपादित की है। मरहूम वाली आसी के पुत्र जमाली आसी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. तारिक कमर केवल संभल या लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरे देश का साहित्यिक प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकादमी उन्हें यह सम्मान प्रदान कर स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट, सतर्क रहने की अपील

## - लू का कहर : जिले में 22 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में भीषण गर्मी एवं लू को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 18 मई से 22 मई तक जनपद में उष्ण लहर से लेकर तीव्र उष्ण लहर की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। इसके चलते जिले समेत प्रदेश के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार तेज गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं तथा लगातार बढ़ते तापमान के कारण दिन के समय भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। दोपहर के समय तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। विशेष रूप से वृद्धजन, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, किसान, श्रमिक, दिव्यांगजन एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, नगर निकाय, पशुपालन विभाग एवं आपदा प्रबंधन तंत्र को पूरी तरह सतर्क रहने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें। खेतों में कार्य करने वाले किसानों एवं श्रमिकों को सुबह और शाम के समय कार्य करने तथा बीच–बीच में विश्राम लेने की सलाह दी गई है। बच्चों, वृद्धजनों एवं पशुओं को लंबे समय तक धूप या बंद वाहनों में न छोड़ने की अपील भी प्रशासन ने की है। यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, चक्कर, उल्टी, तेज बुखार, सिरदर्द अथवा बेहोशी जैसी समस्या हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने को कहा गया है। किसी भी आपात स्थिति अथवा सहायता हेतु जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 05688–250077, 297204 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

# प्रसिद्ध शायर डॉ. तारिक़ क़मर को ''वाली आसी अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया

## –लखनऊ में आयोजित गरिमामयी साहित्यिक समारोह में प्रदान किया गया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/ लखनऊ। इल्म व अदब के ऐतिहासिक केंद्र लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर डॉ. तारिक़ क़मर को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के सम्मान में प्रतिष्ठित "वाली आसी अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में आयोजित एक गरिमामयी साहित्यिक समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों और शायरों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड मसऊदुल हसन उस्मानी, मौलाना अब्दुल अली फारूकी, इब्राहीम अलवी तथा वाली आसी अकादमी के अध्यक्ष मारूफ़ ख़ाँ के हाथों डॉ. तारिक़ क़मर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध चिंतक और साहित्यकार मसऊदुल हसन उस्मानी ने कहा कि समकालीन काव्य परिदृश्य में डॉ. तारिक़ क़मर को देखकर विशेष प्रसन्नता होती है, क्योंकि वे केवल उच्च शिक्षित, सुसंस्कृत और प्रतिभाशाली शायर ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं। मौलाना अब्दुल अली फारूकी ने कहा कि "वाली आसी अवॉर्ड" के लिए डॉ. तारिक़ क़मर का चयन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वाली आसी अकादमी ने एक महान शायर के नाम से जुड़े सम्मान के लिए एक वास्तविक और बड़े शायर का चयन किया है। उन्होंने अकादमी और चयन समिति को इस चयन पर बधाई दी। वाली आसी अकादमी के अध्यक्ष मारूफ़ ख़ाँ ने अपने संबोधन में कहा कि यदि देश के उच्च शिक्षित शायरों की सूची तैयार की जाए और उनके साहित्य का अकादमिक दृष्टि से मूल्यांकन किया जाए, तो डॉ. तारिक़ क़मर प्रमुख और अग्रणी नामों में शामिल दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि अकादमी के लिए यह गर्व की बात है कि उसने एक गंभीर, जेनुइन और विशिष्ट आधुनिक शायर को इस सम्मान के लिए चुना है। संभल से संबंध रखने वाले डॉ. तारिक़ क़मर डी.लिट. और पीएच.डी. के साथ–साथ तीन विभिन्न विषयों में परास्नातक उपाधियाँ तथा अनेक महत्वपूर्ण शैक्षिक योग्यताएँ प्राप्त कर चुके हैं। उनकी शायरी पर अनेक शोधपरक और आलोचनात्मक लेख लिखे जा चुके हैं। हाल ही में सिरसी के काशिफ़ रज़ा ने उनकी नज़्म और ग़ज़ल की शायरी के



विभिन्न आयामों पर पीएच.डी. पूर्ण की है। डॉ. तारिक़ क़मर की चार काव्य–संग्रहों सहित दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जबकि वे बीस से अधिक देशों में उर्दू साहित्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी शायरी पर शम्सुर्रहमान फारूकी, गोपीचंद नारंग , इफ्तिखार आरिफ़ तथा तकी आब्दी जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों और आलोचकों ने सकारात्मक विचार व्यक्त किए हैं। डॉ. किश्वर जहाँ ज़ैदी ने भी उनके व्यक्तित्व और साहित्यिक अवदान पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक संपादित की है। मरहूम वाली आसी के पुत्र जमाली आसी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. तारिक़ क़मर केवल संभल या लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरे देश का साहित्यिक प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकादमी उन्हें यह सम्मान प्रदान कर स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# रंजीत की संपत्तियों की जांच को लेकर प्रशासन ने मांगी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सिटी मजिस्ट्रेट एवं जांच समिति के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रिट याचिका संख्या 12198/2025 रंजीत सिंह बनाम नीतू सिंह में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में रंजीत सिंह की चल एवं अचल संपत्तियों की जांच की जा रही है।

जिलाधिकारी के आदेश पर गठित जांच समिति को रंजीत सिंह पुत्र बालकराम निवासी बिजौली, थाना बकेवर, तहसील भर्थना की स्वामित्व एवं कब्जे वाली संपत्तियों, जमीन एवं अन्य परिसंपत्तियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन की ओर से आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति के पास रंजीत सिंह की चल–अचल संपत्तियों से संबंधित कोई जानकारी उपलब्ध हो तो वह 22 मई 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पहुंचकर जांच समिति को सूचना उपलब्ध करा सकता है।

# 19 मई तक बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन न हुआ तो सैलरी पर लगेगा ब्रेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शिक्षा विभाग पर अब जीरो टॉलरेंस वाला एक्शन शुरू हो गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने ऐसा सख्त आदेश जारी किया है, जिससे पूरे विभाग में




हड़कंप मच गया है। साफ चेतावनी दी गई है कि अगर 19 मई तक बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन पूरा नहीं हुआ तो मई की सैलरी रोक दी जाएगी। कक्षा 5 से 6 और 8 से 9 में एडमिशन को लेकर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों, नगर शिक्षा अधिकारियों, ब्लॉक एमआईएस/आईटीओ और पटल सहायकों को सीधे निशाने पर लिया है। आदेश में दो टूक कहा गया है लक्ष्य पूरा करो, वरना वेतन भूल जाओ। आदेश जारी होते ही विभाग में अफरा–तफरी का माहौल है। कई ब्लॉकों में अधिकारियों ने स्कूलों पर दबाव बढ़ा दिया है, तो कहीं शिक्षकों की छुट्टियां तक रद्द होने की चर्चा तेज हो गई है। शिक्षा विभाग के गलियारों में अब सिर्फ एक ही सवाल गूंज रहा है नामांकन पूरा होगा या सैलरी रुकेगी।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जून में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभिभावक योजना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत आवेदन करने के लिए अभिभावकों का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवाह की तिथि पर कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। योजना में निराश्रित कन्याओं, विधवा अथवा तलाकशुदा महिलाओं की पुत्रियों तथा दिव्यांग आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। कानूनी रूप से मान्य पुनर्विवाह के मामलों में भी योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रत्येक जोड़े को कुल एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में भेजे जाएंगे, जबकि 15 हजार रुपये की उपहार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। शेष राशि विवाह आयोजन व्यवस्था पर खर्च की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के समय वर–वधू के फोटो, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं कन्या की बैंक पासबुक की प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने सभी आवेदकों से कार्यक्रम की तिथि से कम से कम सात दिन पूर्व पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की है।

# एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, सेवा कार्यो के साथ नई टीमों ने संभाली कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो/ लखनऊ। एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 102 एवं डिस्ट्रिक्ट 137 का भव्य इंस्टॉलेशन (शपथ ग्रहण) समारोह राजधानी में बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में दोनों डिस्ट्रिक्ट्स के नवनिर्वाचित गवर्नर्स, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स और उनकी टीम के अन्य पदाधिकारियों ने सेवा और निष्ठा के संकल्प के साथ अपने पदों की शपथ ली। नई कैबिनेट ने ली पद और गोपनीयता की शपथ समारोह के मुख्य चरण में डिस्ट्रिक्ट 102 की नवनियुक्त डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. प्रेरणा मित्रा और डिस्ट्रिक्ट 137 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनीता श्रीवास्तव को उनके वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स तथा पूरी कैबिनेट टीम के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।



इंटरनेशनल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका दीक्षित ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन का संकल्प दिलाया। शपथ लेने वाले प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से बी. पी. जायसवाल, शिवानी अरोड़ा, कर्नल खान महमूद, मीनू आहूजा, श्वेता सिंह, दीपिका सिंह, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अरविंद भटनागर, आशीष राज श्रीवास्तव, संतोष सिंह, दीपाली श्रीवास्तव, मोहम्मद अज़हर जमाल, डॉ. नूतन श्रीवास्तव, डॉ. किरनधीर भटनागर, डॉ. सुधीर भटनागर, डॉ. दिनेश माथुर, डॉ. ममता मिश्रा एवं रचना खरे ने अपने–अपने पदों की जिम्मेदारी संभाली। नए सदस्यों का क्लब में स्वागत कार्यक्रम के दौरान नॉर्थ मल्टीपल के नवनियुक्त चेयरपर्सन संजीव भटनागर द्वारा कई नए सदस्यों को क्लब की आधिकारिक सदस्यता ग्रहण कराई गई। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन के सेवाभावी सिद्धांतों से परिचित कराया। सेवा और सहयोग के अनुकरणीय कार्य एलायंस क्लब्स के मूल मंत्र श्सेवाश को चरितार्थ करते हुए इस अवसर पर कई सामाजिक सरोकार के कार्य किए गए, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे दिव्यांगजन सहायतारू जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर और गतिशील बनाने के लिए दो व्हीलचेयर और एक सिलाई मशीन का वितरण किया गया।विशेष बच्चों को संबलरू श्जीवन ज्योति एनजीओश के विशेष रूप से सक्षम (दिव्यांग) बच्चों को क्लब की ओर से नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई शिक्षा को बढ़ावारू आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (म्ॅै) की एक मेधावी बालिका की शिक्षा में व्यवधान न आए, इसके लिए क्लब द्वारा उसकी एक वर्ष की पूरी स्कूल फीस वहन करने की जिम्मेदारी ली गई। गरिमामयी उपस्थिति और कुशल संचालन इस भव्य समारोह में इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट्स एम. एल. गुप्ता एवं अशोक पुरी, पास्ट इंटरनेशनल एडवाइजर डी. एस. भटनागर, डॉ. मीना खरे, सुषमा श्रीवास्तव, ज्योति खरे, रुचि माथुर, सीमा भटनागर, सुनीता भटनागर सहित शहर के अनेक गणमान्य अतिथि और क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन मंजुला खरे और प्रदीप भारद्वाज ने बेहद कुशल और प्रभावी ढंग से किया। संभावित सुर्खियां एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न; डॉ. प्रेरणा मित्रा और सुनीता श्रीवास्तव बनीं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर धूमधाम से हुआ एलायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 102 व 137 का शपथ ग्रहण; मेधावी बिटिया की फीस और दिव्यांगों को बांटी व्हीलचेयर सेवा संकल्प के साथ एलायंस क्लब्स की नई टीम का आगाज, इंटरनेशनल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका दीक्षित ने दिलाई शपथ।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के फिर जिलाध्यक्ष बने विजय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने संगठन विस्तार को मजबूत करते हुए बहुआ ग्रामीण क्षेत्र के बरौहा निवासी विजय सिंह गौर को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र



सिंह राजू के निर्देश व काशी प्रांत अध्यक्ष .ष्णन सिंह, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह एवं मंडल अध्यक्ष प्रयागराज सुरेश प्रताप सिंह की अनुशंसा पर यह घोषणा की गई। विजय सिंह गौर को क्षत्रिय समाज के प्रति उनकी सक्रियता, समर्पण, सेवाभावना एवं संगठनात्मक कार्यशैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फिर सौंपी गई है। संगठन पदाधिकारियों ने विष्वास जताया कि वह संगठन के प्रति निष्ठा और अनुशासन बनाए रखते हुए सनातन हिंदू समाज के उत्थान, विकास एवं संगठन विस्तार के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। संगठन ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सदस्यता अभियान को गति मिलेगी तथा संगठन और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बनेगा। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने विजय सिंह गौर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में संगठन का नारा खाड़ी से पहाड़ी तक एवं कमजोर से लेकर तगड़े तक भी पदाधिकारियों द्वारा दोहराया गया।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के वि0

अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर

वाद संख्या –175 सन– 2026 रोशनी बानो आदि बनाम मो0 शमीम खान आदि

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं

का संरक्षण अधिनियम 2005

थाना हथगांव, जिला–फतेहपुर

हरगाह रोशनी बानो ने आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 11 माह 06 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 07 माह 05 सन 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज जू0 डि0 एफ0 टी0 सी0 महिलाओ के वि0 अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के वि0

अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर

वाद संख्या –4066 सन–2025

श्रीमती गुलनाज बनाम शहरूख खान आदि

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 थाना कोतवाली, जिला–फतेहपुर

हरगाह श्रीमती गुलनाज ने आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 18 माह 03 सन 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज जू0 डि0 एफ0 टी0 सी0 महिलाओ के वि0 अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा
विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन,
खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# आसमान से बरसी आग, 44 डिग्री के पार पहुंचा पारा

## – सीजन का सबसे गर्म दिन, भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सोमवार को जिले में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे यह दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन बन गया। सुबह से ही आसमान से मानो आग बरस रही थी। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। भीषण गर्मी का असर बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं सभी पर देखने को मिला। दोपहर होते–होते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी भीड़ बेहद कम दिखाई दी। गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु–पक्षियों पर भी साफ नजर आया। तेज



धूप और तपिश से पशु छांव की तलाश करते दिखे, जबकि पक्षी पानी की तलाश में इधर–उधर भटकते नजर आए। कई स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था भी की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन और चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप की शुरुआत

## – बच्चों में दिखा खासा उत्साह, गतिविधियों में लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण गर्मी के बीच बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई–नई गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की मांग पर आयोजित इस समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी समर कैंप में बच्चों को विभिन्न गैर–शैक्षिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कैंप की शुरुआत होते ही बच्चों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाई। विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह ने विद्यार्थियों को समर कैंप का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं एकेडमिक डायरेक्टर वीशा मोहिन्द्रा ने बच्चों को गर्मी में सावधानी बरतने, अधिक धूप से बचने एवं पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा के साथ–साथ अन्य कौशलों का होना भी बेहद आवश्यक है।



विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता श्रीवास्तव ने समर कैंप में चल रही विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस वर्ष समर कैंप में तैराकी, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राट, संगीत, नृत्य एवं कुकिंग विदाउट फायर जैसी गतिविधियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार इन गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास होने के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# अनुदेशकों को बढ़े मानदेय की मिली चेक, खिले चेहरे

## - राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने बढ़े मानदेय को बताया ऐतिहासिक फैसला

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। समारोह में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की मौजूदगी में जिले के सभी विकास खंडों से एक–एक अनुदेशक को प्रतीकात्मक रूप से 17 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री .ष्णा पासवान ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ–साथ अनुदेशकों के हितों के प्रति भी संवेदनशील है। उन्होंने मानदेय वृद्धि को अनुदेशकों के सम्मान और उनके योगदान का प्रतीक बताया। डीएम ने कहा कि अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके योगदान से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, बड़ी संख्या में अंशकालिक अनुदेशक एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# एसवीएम में मेधा अलंकरण व परीक्षाफल वितरण का हुआ आयोजन

## - एसपी ने बच्चों को मेहनत करके अनुशासित रहने की दी नसीहत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को मेधा अलंकरण एवं परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, बिन्दकी के पूर्व विधायक करण पटेल, विद्यालय प्रबन्धक राकेश श्रीवास्तव, अशोक मिश्र एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वन्दना से किया गया। प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। मेधा अलंकरण समारोह में सत्र 2025–26 के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के मेधावी भैया बहनों को पुरस्.त किया गया। हाईस्कूल में अनमोल सिंह 96 प्रतिशत, अंकित कुमार 95.8 प्रतिशत, अनुभव मिश्रा 95.3 प्रतिशत, इशिका 94.8 प्रतिशत आदि व इण्टर मीडिएट में तन्मय पटेल 92.2 प्रतिशत, राहुल साहू 90 प्रतिशत आदि छात्रों को पुरस्.त किया गया। इसी प्रकार प्रथम द्विमासिक परीक्षा में 6 से 12 तक के छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार पुरस्.त किये गये। कर्सिव राइटिंग में भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को पुरस्.त किया गया। जिसमें वसु तिवारी, अंशिका राजपूत, अभय, नितिन षामिल रहे। अटल टिकरिंग लैब विकसित भारत के तहत बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सक्षम द्विवेदी, रवी यादव एवं आदित्य शर्मा को दिये गये। एसपी ने बच्चों को अहंकार नहीं करना, मेहनत करने के लिए एवं अनुशासित रहने के लिए कहा। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख राजनारायण, भावना सिंह, सुशील तिवारी, राजेश, परीक्षा विभाग समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

# गैस रिसाव से मकान में भीषण धमाका, नौ झुलसे

## - आठ की हालत गंभीर, कानपुर रेफर,- डीएम-एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव में रविवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब गैस रिसाव के चलते एक मकान में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में कुल नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में छह लोग मकान के अंदर मौजूद थे, जबकि उन्हें बचाने पहुंचे तीन अन्य लोग भी आग और धमाके की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव में बने दो कमरों के मकान में काफी देर से गैस रिसाव हो रहा था। इसी दौरान आग या किसी चिंगारी के संपर्क में आने से अचानक तेज धमाका हुआ



और देखते ही देखते मकान आग की लपटों से घिर गया। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन कई लोग खुद भी झुलस गए। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को तत्काल मलवां मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद आठ घायलों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया गया। जिला प्रशासन ने एंबुलेंस को तेजी से कानपुर पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर भी बनवाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज पहुंचकर डॉक्टरों से घायलों के इलाज की जानकारी ली। प्रशासन ने बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि शुरुआती जांच में सिलेंडर फटने की पुष्टि नहीं हुई है। प्रथम .ष्टया हादसा गैस रिसाव के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि गैस लीक होने से आग भड़की और विस्फोट जैसी स्थिति बनी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में हादसे को लेकर भय और चिंता बनी हुई है।

# पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने को आगे आई युवा विकास समिति

## - प्रमुख स्थानों पर रखी पानी की हौद, लोगों से भी की सहयोग की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। भीषण गर्मी के चलते जहां इंसान बेहाल हैं, वहीं पशु–पक्षियों के सामने भी पानी का संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में युवा विकास समिति ने पशु–पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सराहनीय पहल शुरू की है। समिति की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर पानी की हौद रखकर नियमित रूप से पानी भरवाया जा रहा है, ताकि गर्मी में बेजुबानों को राहत मिल सके। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम में इंसानों की तरह पशु–पक्षियों को भी पानी की सख्त जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से जिला पंचायत कार्यालय, तामेश्वर मंदिर और गांधी पार्क समेत कई स्थानों पर पानी की हौद रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी में पानी किसी अमृत से कम नहीं है। इंसान तो अपनी प्यास बुझाने के लिए कहीं भी पानी मांग सकता है, लेकिन पशु–पक्षी प्यास से तड़पते रहते हैं। कई बार पानी की कमी के कारण उनकी मौत तक हो जाती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर की छत या बाहर किसी बर्तन में पानी रख दे तो कई पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। समिति गांव–गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नेक कार्य से जुड़ सकें। इस दौरान युवा विकास समिति के जिलाध्यक्ष कंचन, संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, आफताब, विकास श्रीवास्तव, दीप कुमार और उपमन सरस्वती महाराज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अदालती नोटिस

इत्तिला बनाम रेस्पांडेन्ट मुशहर इत्तिला तारिख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये

(आर्डर 41 कायदा 14)

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0– 3 फतेहपुर

वाद संख्या– 3

सन् 2019 ई० बराती लाल आदि बनाम श्रीमती केशनी आदि 7/1. कुसुमा उम्र करीब 62 वर्ष पत्नी स्व0 देवीदीन 7/2. रामबाबू उम्र करीब 35 वर्ष 7/3. श्यामबाबू उम्र करीब 33 वर्ष 7/4. सुशील उम्र करीब 26 वर्ष पुत्रगण स्व0 देवीदीन समस्त निवासीगण हसोलेखेड़ा मजरे खूंटा, परगना टप्पाजार , तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर। 7/5. माया देवी उम्र करीब 40 वर्ष पुत्री स्व0 देवीदीन पत्नी बसन्त लाल निवासी ग्राम भटपुरवा, तहसील घाटमपुर, जनपद कानपुर नगर। 7/6. रेखा देवी उम्र करीब 29 वर्ष पुत्री स्व0 देवीदीन पत्नी नरेन्द्र निवासी ग्राम मलिकपुर, तहसील घाटमपुर, जिला कानपुर नगर। 7/7. अन्जना उम्र करीब 23 वर्ष पुत्री स्व0 देवीदीन पत्नी संदीप निवासी ग्राम करचुलीपुर, तहसील नरवल जनपद कानपुर नगर। हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 14 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0 3

फतेहपुर।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन इंटरलाकिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

रेलगाड़ी का निरस्तीकरण

| गाड़ी संख्या एवं गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|
| 03251 दानापुर-सर एम.विश्वेश्वरय्या टर्मि. बेंगलुरु एक्सप्रेस विशेष | जून 02,05,08,09,10,20,25.06.2026 जुलाई 01,04 एवं 05.07.2026 |
| 03252 सर एम.विश्वेश्वरय्या टर्मि. बेंगलुरु - दानापुर एक्सप्रेस विशेष | जून 04,07,10,11,12,22,27.06.2026 जुलाई 03,06 एवं 07.07.2026 |

रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी संख्या एवं गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | परिवर्तित मार्ग (वाया) |
|---|---|---|
| 04131 कानपुर सेंट्रल-सर एम.विश्वेश्वरय्या टर्मि.बेंगलुरु विशेष | 05.07.2026 | विजयवाड़ा- गुंटूर- डोन- धर्मवरम- यलहंका चन्नसंन्द्रा- बैयप्पनहल्लि- सर एम.विश्वेश्वरय्या टर्मि. बेंगलुरु |

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 1128/26(DG)

# रियाज कालोनी में घायल मिला युवक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के रियाज कालोनी के समीप 26 वर्षीय युवक घायलावस्था में पड़ा था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शहर के वर्मा चौराहा गढीवा निवासी स्व0 रामबरन का पुत्र प्रदीप सोमवार की शाम लगभग 4 बजे रियाज कालोनी के समीप घायलावस्था में पड़ा था। जानकारी मिलने पर दादा सुरेश मौके में पहुंच घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना के बाबत जानकारी पूछने पर सुरेश ने बताया कि रियाज कालोनी में समीप घायलावस्था में पास पड़ा था।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव में घरेलू कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सुकेती गांव निवासी जितेन्द्र कुमार पासवान (22) पुत्र श्यामलाल पासवान का विवाह 10 मई 2025 को नेहा पुत्री अनोखेलाल निवासी मटिहा थाना असोथर के साथ हुआ था। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से पति–पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। उन्होंने बताया कि विवाद के चलते मामला पहले भी थाने तक पहुंच चुका था। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि पत्नी पक्ष के कुछ लोगों द्वारा जितेन्द्र को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, नेहा की मौसी के लड़के द्वारा भी युवक को परेशान किया जाता था। उन्होंने यह भी बताया कि कानपुर में युवक के साथ मारपीट की घटना हुई थी तथा एक बार उस पर चाकू से हमला भी किया गया था, जिसके निशान उसके हाथ में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व पति–पत्नी के बीच फिर विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी अपने मायके मटिहा चली गई थी। इससे जितेन्द्र मानसिक तनाव में आ गया था। सोमवार सुबह वह गांव के बाहर स्थित एक बाग में पहुंचा और चितवन के पेड़ में मफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ से शव लटकता देखा तो इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिवार में बड़े भाई मनोज कुमार (28), मोहन कुमार (26), सोहन कुमार (24) तथा छोटा भाई दिलीप कुमार (20) हैं। युवक की मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर परिसर में शराब पीने से रोकने पर बाबा से मारपीट

## – कार्रवाई न होने का आरोप, डीएम से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव स्थित महादेव बाबा मंदिर में पूजा कर रहे बाबा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

खेसहन गांव निवासी विमलदास बाबा ने बताया कि 18 मई की शाम करीब आठ बजे वह मंदिर में पूजा–पाठ कर रहे थे। आरोप



है कि इसी दौरान गांव का नितेश कोरी अपने तीन रिश्तेदारों के साथ मंदिर परिसर में पहुंचा और देवस्थान के चबूतरे पर शराब पीने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित का आरोप है कि अगले दिन सुबह करीब नौ बजे नितेश कोरी अपने रिश्तेदारों के साथ दोबारा मंदिर पहुंचा और गाली–गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोपियों ने बाबा के बाल और चोटी पकड़कर घसीटा तथा जमकर मारपीट की। घटना में उनके हाथ में गंभीर चोट आई है और दो दांत टूट गए हैं। विमलदास बाबा ने बताया कि मामले की शिकायत गाजीपुर थाने में की गई थी। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन अभी तक न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही आरोपियों की गिरतारी हुई। पीड़ित ने पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे आरोपियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का मनाया छठवां स्थापना दिवस

## – राष्ट्रकवि पं0 सोहनलाल द्विवेदी की पौती सहित कई गणमान्य रहे उपस्थित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजौली के मजरे गोधइया स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर परिसर में रविवार को साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) का छठवां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता, साहित्य, समाजसेवा एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में पत्रकारिता के दायित्व, समाज के प्रति मीडिया की भूमिका तथा जनपद के महानायकों के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर ने की, जबकि संचालन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन बिंदकी तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सर्वेश सिंह द्वारा किया गया। गौरतलब है कि सिजौली की धरती राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जन्मस्थली रही है। ऐसे ऐतिहासिक महत्व वाले स्थान पर स्थापना दिवस आयोजित कर आयोजकों ने जनपद के गौरवशाली इतिहास और महान विभूतियों को याद करने का प्रयास किया। आयोजन के दौरान




राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी, अमर शहीद जोधा सिंह अटैया एवं बावनी इमली के 52 शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कवयित्री आकांक्षा द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार और साहित्यकार समाज का दर्पण होते हैं तथा उन्हें सत्य और वास्तविकता को समाज के सामने लाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर आधारित अपनी रचनाओं का पाठ भी किया। कार्यक्रम में लेखक विजय नारायण ने अपनी पुस्तक दरख्त–द मेमोरीज ऑफ फ्रीडम फाइटर्स" के माध्यम से बावनी इमली के शहीदों के संघर्ष की चर्चा की। वहीं ठाकुर विजय सिंह चौहान ने अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के बलिदान को याद किया। समाजसेवी मोना ओमर ने पत्रकारों से शोषित और वंचित वर्ग की आवाज बनने का आह्वान किया। उर्दू प्रवक्ता फजलुर रहमान ने साहित्य और पत्रकारिता की सामाजिक भूमिका पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की संस्थापिका पुष्पा पांडेया का वीडियो संदेश भी सुनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, शिवकुमार मौर्य, जर्रेयाब खान, जावेद खान, आदिल खान, आफताब अहमद, धीर सिंह यादव, अनिल विष्वकर्मा, डॉ. जेपी सिंह चौहान, अहमद रजा, मेराज अहमद, आदित्य शर्मा पंकज, बुद्ध सागर शुक्ला, प्रदीप कुमार एवं अजय कुमार सहित अनेक पदाधिकारी, पत्रकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के छह वर्षों के सफर को साझा करते हुए पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए संगठन की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता व ग्राम विकास कार्यों में लाएं तेजी : डीएम

## – एक माह में पूरा हो शौचालय सर्वे, ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित



महात्मा गांधी सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, आरआरसी सेंटर संचालन, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल एवं उत्सव भवन निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अभियान चलाकर एक माह के भीतर पात्र परिवारों का सर्वे कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए आवेदन कराए जाएं। जिन आवेदनों का सत्यापन हो चुका है, वहां निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का निर्माण अधूरा है, वहां एक माह में कार्य पूर्ण कराया जाए तथा सेंटरों का संचालन पूरी क्षमता के साथ हो। कूड़ा निस्तारण से होने वाली आय ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही ग्राम पंचायतों की आमदनी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को आय से संबंधित अभिलेखों की जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति की भी समीक्षा हुई। डीएम ने विकास खंड प्रेरकों को नियमित निरीक्षण करने तथा 15 दिन में होने वाली बैठकों में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक सामुदायिक शौचालय पर संबंधित अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर अंकित कराए जाएं, ताकि व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे। शौचालय रेट्रोफिटिंग के तहत कराए गए मरम्मत कार्यों की रैंडम जांच के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि रिपोर्ट में लाभार्थी का नाम और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस–2 के तहत विजयीपुर और देवमई में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटों को पूरी क्षमता से चलाने तथा अन्य विकास खंडों से प्लास्टिक कचरा वहां पहुंचाने के निर्देश दिए गए। वहीं भिटौरा के जामरावां और बहुआ के गाजीपुर में निर्माणाधीन यूनिटों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि 15 वें एवं 5 वें वित्त आयोग से कराए गए कार्यों के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल और उत्सव भवन के अधूरे निर्माण कार्यों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्राप्त नए लक्ष्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर भूमि चयन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पेट्रोल-डीजल व गैस कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## – बढ़ती महंगाई पर भाजपा सरकार ने जनता को किया गुमराह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के विरोध में सोमवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार जनता को पेट्रोल–डीजल की बचत का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर दूसरे देशों को रिफाइन तेल बेचा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की समस्याओं को नजरंदाज कर रही है। साथ ही कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार महंगाई और जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख एजाज अहमद ने कहा कि पड़ोसी देशों में पेट्रोल–डीजल के दाम घट रहे हैं, जबकि भारत में लगातार मूल्य वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई से आम आदमी परेशान है और सरकार इस पर नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस नेता संतोष कुमारी शुक्ला, प्रदेश सचिव शोभा



दुबे, प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, ब्रजेश मिश्रा और कलीम उल्ला सिद्दीकी समेत अन्य नेताओं ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना की। इस मौके पर पप्पी राजपूत, शकीला बानो, आशीष गौड़, राजेंद्र लोधी, राजीव लोचन निषाद, जेपी पासवान, पं. रामनरेश, सैयद षहाब अली, निजामुद्दीन, मनोज घायल, नरेंद्र सिंह रिक्की, आदित्य श्रीवास्तव, फजलुर्रहमान, नवनीत तिवारी, चौधरी मोइन राईन, आनंद सिंह गौतम, नजमी कमर, डॉ. अब्दुल हमीद, बसीर अहमद, कौशल कुमार शुक्ला, शुभम दुबे, नौशाद, अजय बच्चा, सलीम शेख, धर्मेंद्र सिंह, अब्दुल रज्जाक मौजूद रहे।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार शर्मा (अप्रा.) ने किया। बैठक में पूर्व



सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं और पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को अब तक हुई कार्रवाई से अवगत कराया। इस दौरान पिछली बैठकों में लंबित शिकायतों पर भी चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सेवायोजन अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशाषी अधिकारी, नलकूप विभाग के अधिशाषी अधिकारी, लीड बैंक प्रबंधक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित भी बैठक में शामिल हुए।

# बसपा की बैठक में कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 137/138 पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश जाटव मौजूद रहे।



बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान चिंतामणि वर्मा, विवेक कुमार माधुरे, मनोज गौतम, गुलाब पासी, एमपी भास्कर, बाराती लाल निषाद व राजपाल गौतम सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लल्लू पाल की अगुवाई में पंकज पाल, बाबू प्रसाद पाल, रामबाबू पाल, संतलाल पाल, रामकिशोर पाल, चंद्रशेखर पाल, राजेंद्र पाल, प्रहलाद पाल व संतोष पाल समेत करीब एक दर्जन लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने सभी नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और वर्ष 2027 में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य करें। कार्यकर्ताओं ने अयाहशाह विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में दवा बाजार की बंदी कल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन पंजी.त ने बुधवार बीस मई को खागा तहसील क्षेत्र में दवा व्यापार बंद रखने का ऐलान किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर दवा व्यापारियों से बंदी को सफल बनाने की अपील की। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा के समर्थन के बाद एसोसियेशन के अध्यक्ष सुमित रस्तोगी ने कहा कि ऑनलाइन दवा व्यापार से पारंपरिक दवा कारोबार प्रभावित हो रहा है। इससे छोटे दवा व्यापारियों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महासचिव राजेश सोनी ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को जनपद की सभी दवा दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने सभी दवा व्यापारियों से एकजुट होकर बंदी को सफल बनाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, संजय सोनी, अनिल साहू, अजीत सिंह, राहुल, गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में दवा व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए बंदी का समर्थन किया।

# भुगतान के नाम पर कमीशन मांगने का आरोप

## – सीएम को भेजी शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ग्राम पंचायत रसूलपुर भभैंचा (सेमरी क्लस्टर) में कराए गए विकास कार्यों के भुगतान को लेकर ग्राम के निवासी अंकेश कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर ग्राम पंचायत अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार पर भुगतान रोकने व 20 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप लगाया। सीएम को भेजी शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत में कई विकास कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं, जिनका स्टीमेट और एमबी कंसल्टिंग इंजीनियर द्वारा तैयार की जा चुकी है। इसके बाद भी छह माह से



भुगतान लंबित रखा गया है। आरोप लगाया कि कमीशन न देने के कारण भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह बाधित हो गए हैं। बताया कि मामले की शिकायत उन्होंने 27 फरवरी को उच्चाधिकारियों से भी की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में खड़ंजा निर्माण, मिट्टी भराई, रनिंग वाटर सप्लाई, सामुदायिक शौचालय में कार्य तथा सड़क से जगतपाल के घर तक राबिस एवं अद्धा भराई जैसे विकास कार्य शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग किया। साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार को ग्राम पंचायत रसूलपुर भभैंचा (सेमरी क्लस्टर) से हटाया जाने की मांग किया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि भुगतान न होने से पंचायत के अन्य विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

# प्रशिक्षण से 2047 में भारत बनेगा विकसित देश : लोहारी




न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी नगर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय पंडित दीन दयाल महाप्रषिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में वर्ग प्रभारी महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह व जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक पुष्पराज पटेल, सह संयोजक अपर्णा गौतम, पंकज त्रिवेदी, शरद श्रीवास्तव रहे। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने 36 घंटे का प्रशिक्षण लेने के उपरांत बताया कि मोदी जी का सपना 2047 में भारत को पूर्ण विकसित देश बनाना है। पार्टी की नीतियों द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग का पूर्ण विकास होगा। भारत राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव व वर्ग प्रभारी कमलावती द्वारा प्रशिक्षित जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों को नीचे तक ले जाने का कार्य करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा विधायक विकास गुप्ता, राजेन्द्र पटेल, जय कुमार सिंह जैकी, पूर्व विधायक धुन्नी सिंह, विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा के साथ सभी पूर्व अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )